Title: Request to provide funds to the State Government of Maharashtra for modernisation of the Police to encounter the increasing activities of Inter Services Intelligence (ISI) of Pakistan in the State.

श्री विलास मुत्तेमवार (नागपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान महाराट्र के एक गंभीर मामले की तरफ दिलाना चाहता हूं। अभी हाल ही में हमारे सदन के उप नेता तथा संसदीय कार्य मंत्री ने भी इस बात के लिए सहमति दर्शाई कि जो जम्मू और कश्मीर में हो रहा है, उसके लिए हम सब लोग कंसर्न हैं और उसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

महोदय, मैं आपका और सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं, आई.एस.आई. का दूसरा लक्ष्य है, महाराट्र, मुंबई और इंटेलीजेंस एजेंसीज के मुताबिक राज्य सरकार को चेतावनी दी गई है कि आई.एस.आई. मुम्बई और राज्यों के अन्य जिलों में सक्रिय हो गई है।

गृह मंत्रालय की खुफिया रिपोर्ट के अनुसार भी तमिनलाडु बम कांड में लिप्त अबु बकर सिद्दीकी और नौ अन्य अपराधी महाराट्र के और जिलों में छिपकर बैठे हैं और वे वहां आईएसआई के इशारों पर काम करते हैं। महाराट्र में वे कोई बड़ा हादसा करने की फिराक में हैं। उनका प्रयास होगा कि किसी तरह से साम्प्रदायिक अथवा सामाजिक तनाव पैदा करके लोगों को गुमराह किया जाये। चुनाव के दौरान भी ऐसे ही प्रयास किये गये थे। लेकिन राज्य की पुलिस ने उनकी बात चलने नहीं दी। हाल ही में सैय्यद अहमद, मौहम्मद देसाई और पांच अन्य आतंकवादी साहबजादा, बड़े साहब, शेख उर्फ अब्बु शेख, राजेश और यशवंत भगत आदि पकड़े गये हैं। महाराट्र के मुख्यमंत्री जी ने केन्द्र सरकार से आईएसआई की गतिविधियों से निपटने के लिए दो करोड़ रुपये की सहायता की मांग की है। मुम्बई, नयी मुम्बई, ठाणे और कई महत्वपूर्ण नगर आईएसआई की गतिविधियों के घेरे में हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि आप जानते हैं कि मुम्बई देश का औद्योगिक केन्द्र है और सन 1991-1992 में भी आईएसआई के लोगों ने वहां पर बहुत बड़े हादसे किये थे और अब भी मुम्बई को उनके द्वारा लक्ष्य बनाया जा रहा है और कोई बहुत बड़ा दुस्साहसिक कदम वे उठा सकते हैं। मुम्बई पुलिस बल को मजबूत बनाने, विशे रैपिड एक्शन फोर्स का गठन करने, अत्याधुनिक इलैक्ट्रोनिक उपकरण, हथियार व

साजोसामान खरीदने और राट्र-विरोधी ताकतों से लोहा लेने के लिए महाराट्र के मुख्य मंत्री जी ने एक प्लॉन बनाया है। लेकिन उसके लिए केन्द्र सरकार की मदद चाहिए। इसलिए मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मुम्बई और महाराट्र के औद्योगिक स्वरूप को बरकरार रखने के लिए वह महाराट्र सरकार की मदद करे। धन्यवाद।